GANDHI MEMORIAL NATIONAL COLLEGE, AMBALA CANTT

NOTICE

Dated:- 17/03/2020

It is for the information for all the staff members (teaching & non-teaching) that a team of doctors will be visiting the college tomorrow i.e. 18.03.2020 to educate the staff for **Precautions from COVID-19 (Corona Virus).** The doctors will address the staff at 1:30 p.m. in room no. 2 (Seminar Hall). Attendance of all the staff members is compulsory.

Principal

गांधी मैमोरियल नेशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी
प्रैस नोट

दिनांकः–18.03..2020

आज दिनांक 18 मार्च 2020 को जी.एम.एन कॉलेज के प्रांगण में कोरोना वायरस विषय पर एक विस्तार पूर्वक चर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें डा. पल्लवी स्याल, माइक्रोबायोलॉजिस्ट सिविल हॉस्पिटल, अंबाला मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही। कॉलेज प्राचार्य डा. राजपाल सिंह ने डा. पल्लवी का स्वागत किया। डा. सिंह ने समस्त स्टाफ को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का समाज कोरोना वायरस से भयभीत हो रहा है, लेकिन हमें भयभीत होने की जरुरत नहीं है और आज इसी संदर्भ में आज डा. पल्लवी और डा. गुलशन नागपाल हमें जानकारी देंगे।

डा. पल्लवी ने अपने सम्बोधन में कोरोना वायरस के लक्षण, इससे बरतने वाली सावधानियां तथा समाज में फैले हुए इसके अनजाने डर से निजात पाने बारे बहुत सी जानकारियां प्रदान की गई। डॉक्टर पल्लवी स्याल ने कोरोनावायरस के बढ़ते मामलों पर चिंता जाहिर की और इसके संक्रमण से बचने बारे जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर डॉक्टर गुलशन नागपाल ने कोरोनावायरस के इन्फेक्शन से बचने के लिए क्या किया जाए और क्या ना करें के बारे में विस्तार से बताया जैसे 1.प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण अपनी आवाजाही पर पाबंदी लगा कर इसके प्रसार को रोका जा सकता है। 2.बुखार आने पर, कफ होने पर, सांस लेने में किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर डॉक्टर से सलाह अवश्य करनी चाहिए। डॉक्टर पल्लवी स्याल ने यह भी बताया कि कोरोना का संक्रमण किसे है और किसे नहीं यह जानना इतना आसान नहीं है लेकिन मास्क का प्रयोग कर व हाथों को साबुन या सैनिटाइजर से साफ कर हम अपने आप को सुरक्षित रख सकते हैं। इस अवसर पर कृष्णा मेडिटेक, अंबाला कैंट से विकास अग्रवाल जी ने 100 निशुल्क मास्क भी कॉलेज को प्रदान किए। इस अवसर पर कॉलेज के सभी टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

डा. अमित कुमार
(पी.आर.ओ.)